साप्ताहिक इंदौर फर्स्ट
J TV भारत
संघर्ष से सिद्धि
Jtv भारत इलेक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया नेटवर्क ग्रुप उज्जैन
7974826006, 8643056464
9575154444

TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

A bilingual weekly newspaper
साप्ताहिक समाचार पत्र


वर्ष-03 अंक-95 | उज्जैन, सोमवार 08 सितम्बर से 14 सितम्बर 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-6

## ट्रैक्टर से पहुंचे DM-SSP

मथुरा और वृंदावन में बाढ़ के चलते हालात भयावह होते जा रहे हैं। रविवार को जलस्तर और बढ़ने से बस्तियों की तरफ पानी काफी बढ़ गया है। लक्ष्मीनगर क्षेत्र की तिवारीपुरम कॉलोनी के साथ ही आसपास के आधा दर्जन गांवों में बाढ़ के हालात विकराल हो गए हैं। पूरे दिन यमुना का पानी सड़क पार कर कॉलोनियों में भरता रहा। सड़क पर बहाव इतना तेज था कि आवागमन में भी परेशानी हुई। वहीं आसपास के गांव ईसापुर, हंसगंज आदि में सात से आठ फीट तक पानी भर गया। यहां मकान एक मंजिल तक डूब गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने के लिए डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार को भी ट्रैक्टर को सहारा लेना पड़ा। यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर के चलते वृंदावन की कई कॉलोनियां जलमग्न हो चुकी हैं। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि प्रशासन को कई इलाकों से लोगों को बाढ़ राहत केंद्रों तक रेस्क्यू कर सुरक्षित पहुंचाना पड़ा है। हालांकि कई लोग अब भी अपने मकानों को छोड़ने को तैयार नहीं हैं, वजह है मेहनत से बना आशियाना और उसमें रखा जिंदगी भर की कमाई से जुटाया सामान। श्याम कुटी कॉलोनी निवासी मोहन ने बताया कि वे अपने घरों को इसलिए नहीं छोड़ रहे, क्योंकि उन्हें डर है कि उनके सामान की चोरी हो सकती है। उन्होंने ये घर खून-पसीने से बनाए हैं, इन्हें कैसे यूं ही छोड़ दें। उन्होंने यह भी बताया कि जिनके घरों में पानी भर चुका है, उन्होंने अब अपने घर की छतों को ही अस्थायी ठिकाना बना लिया है। सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है। इलाके में साफ पानी की आपूर्ति ठप है। बिजली न आने से नलकूप नहीं चल रहे हैं। ऐसे बारिश के पानी को ही जमा करके पीने को मजबूर हैं। टंकी और बाल्टियों में बारिश का पानी जमा कर लिया है, उसी को छानकर पी रहे हैं। नगर निगम के वार्ड जयसिंहपुरा और वृंदावन की कई कॉलोनियों में पांच फीट तक पानी भर गया है। गलियों में नाव चल रही है, घरों में भी पानी भर गया है। हालात इतने खराब हो गए हैं, कि लोगों को अपन घर छोड़ना पड़ रहा है। गणेश धाम कॉलोनी में रहने वाले आबिद बाढ़ के बाद भी अब तक घर में डटे थे। उन्होंने छत पर जरूरी सामान रख लिया था और, परिवार के साथ छत पर ही रह रहे थे। नीचे रखा सामान घर में पानी भरने से बर्बाद हो गया। शुक्रवार को पानी जब और बढ़ा तो परिवार की सुरक्षा को देखते हुए उन्होंने घर छोड़ने का निर्णय लिया। दो बोरियों में कपड़े और जरूरी सामान लेकर परिवार के साथ वे शेल्टर होम चले गए। घर से विदा लेने के दौरान उनकी आंखें नम थीं, लेकिन आखिर करते भी क्या करते। यह हाल किसी एक आबिद का नहीं है, बल्कि सैकड़ों आबिद ऐसे हैं, जिन्हें अपना मजबूरन अपना घर छोड़ना पड़ा। पूरी जिंदगी की मेहनत की कमाई से बना घर और उसमें जाम किया सामान बर्बाद होते देखे उनके अरमान तिल-तिल कर मर रहे हैं। उन्हें नहीं पता कि वे जब वापस लौटेंगे तो उनका घर बचेगा भी या नहीं। दरअसल जलभराव के चलते कई मकान धराशायी हो चुके हैं, अन्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। बलदेव में खडैरा घाट पर यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। घाट किनारे बने शिव मंदिर तक पानी पहुंच गया है और श्मशान घाट पूरी तरह से डूब गया है। गोशाला में भी पानी घुस गया है। जिससे गायों के लिए संकट खड़ा हो गया है। चारों ओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। वहीं बलदेव नगर व देहात क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में श्मशान घाट पर अंत्येष्टि का भी संकट पैदा हो गया है। यमुना पल्ली पार जाने वाले गांवों का संपर्क टूट गया है। पानी का बहाव लगातार बढ़ रहा है। नगर पंचायत व प्रशासनिक अफसरों द्वारा अभी तक कोई भी व्यवस्था यहां नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी व नगर पंचायत से लोगों के आने-जाने पर रोकथाम की व्यवस्था करने की मांग की है। ब्लाक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर ने निरीक्षण कर लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग यमुना के बढ़ते हुए जलस्तर में न जाएं। यहां सेल्फी लेना अथवा पानी में हंसी-मजाक करना घातक हो सकता हैं।

# सड़क पर नाव... छतों पर ठिकाना बारिश का पानी पीने को मजबूर



## 25 घंटे रही बिजली गुल

नौहझील क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों व ग्रामीणों पर बिजली कटौती ने संकट और गहरा दिया। शुक्रवार शाम 3 बजे से बंद हुई बिजली शनिवार शाम 4 बजे आई। पूरे 25 घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। दरअसल, शुक्रवार को तेज बारिश के दौरान आकाश में तेज आवाज के साथ बिजली कड़की और इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में बिजली सप्लाई ठप हो गई। विद्युत कर्मियों द्वारा शुक्रवार देर रात तक फाल्ट को ढूंढने का काम किया गया, मगर फाल्ट नहीं मिला। शनिवार सुबह 5 बजे से ही विद्युत विभाग के कर्मी लाइन दुरुस्त करने में फिर जुट गए। लगातार प्रयासों के बाद शनिवार शाम 4 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। एक ओर क्षेत्र में बाढ़ का पानी गांवों में तबाही मचा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर अंधकार ने ग्रामीणों की रातें और मुश्किल कर दी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने से पीने का पानी भी नहीं मिल सका। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि भविष्य में ऐसी आपात स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि बाढ़ और अंधकार दोनों से एक साथ न जूझना पड़े। एसडीओ लाल बहादुर सिंह ने बताया कि गांव जाफरपुर खादर में 33 केवी लाइन के इंसूलेटरों पर बिजली गिरने के कारण फुंक गए। कड़ी मशक्कत के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू हो सकी है।

# गणपति बप्पा का जगह जगह हुआ भव्य स्वागत कर विसर्जित किया

**महेंद्र भटनागर** कंजार्डा– अनंतचतुर्थी पर गणेशोत्सव समिति कंजार्डा के तत्वाधान में भगवान गणेश का भव्य जुलूस निकाला गया। शनिवार शाम को 7 बजे के लगभग भगवान गणेश का जुलूस गणपति चौक से प्रारंभ हुआ इस जुलूस में स्वांगधारी भगवान शिव की बरात साथ में डीजे की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे। ढोल की थाप पर ताशे भी बजाए जा रहे थे जो इस जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। युवा बुजुर्ग महिला पुरुष युवा साथी सभी ढोल डीजे की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे।इस जुलूस में भवन श्री चार भुजा भी रथ में सवार होकर चल रहे थे इस जुलूस में अन्य झांकियां भी थी जो ग्रामीणों के लिए मुख्य आकर्षक का केंद्र रही।जुलूस गांव के मुख्य मार्गो से होता हुआ पुनः वही पहुंचा कहा से प्रारंभ हुआ। गणपति की पूजा अर्चना कर प्रतिमा की विसर्जित किया गया।




## गणपति बप्पा का जगह जगह हुआ भव्य स्वागत कर विसर्जित किया

**महेंद्र भटनागर** कंजार्डा– अनंतचतुर्थी पर गणेशोत्सव समिति कंजार्डा के तत्वाधान में भगवान गणेश का भव्य जुलूस निकाला गया। शनिवार शाम को 7 बजे के लगभग भगवान गणेश का जुलूस गणपति चौक से प्रारंभ हुआ इस जुलूस में स्वांगधारी भगवान शिव की बरात साथ में डीजे की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे। ढोल की थाप पर ताशे भी बजाए जा रहे थे जो इस जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। युवा बुजुर्ग महिला पुरुष युवा साथी सभी ढोल डीजे की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे।इस जुलूस में भवन श्री चार भुजा भी रथ में सवार होकर चल रहे थे इस जुलूस में अन्य झांकियां भी थी जो ग्रामीणों के लिए मुख्य आकर्षक का केंद्र रही।जुलूस गांव के मुख्य मार्गो से होता हुआ पुनः वही पहुंचा कहा से प्रारंभ हुआ। गणपति की पूजा अर्चना कर प्रतिमा की विसर्जित किया गया।




## भागवत कथा के छठवें दिन कृष्ण जन्मोत्सव मनाया, हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की के जयकारों से गूंजा पंडाल

### जिन्हें भागवत कथा के सुनने कि अनुभूति हो जाती है वह मरणोपरांत भगवान के श्री चरणों में स्थान पता है- पंडित नागर

अरशद जागीरदार बिछड़ौद । नगर के तेजाजी चौक स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर प्रांगण में अशोक मित्तल और मित्तल परिवार के द्वारा चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारों से पंडाल गुंजायमान हो गया। नन्हे बालक को श्री कृष्ण का स्वरूप देकर वासुदेव टोकरी में लेकर पंडाल से गुजरे तो लोगों ने भगवान श्री कृष्ण का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर पंडाल कृष्ण के रंग में रंग गया। कथा व्यास से पंडित नागर ने भगवान श्री कृष्ण के पृथ्वी पर आने के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा जब संसार में पाप चरम पर होता है, तब प्रभु इस धरती पर आते हैं और अपने




भक्तगणों को दु:खों से मुक्त करते हैं। कथा में पंडित नागर ने कहा भागवत कथा में आनंद ,भक्ति और अनुभूति होती है जिसे श्रीमद् भागवत कथा सुनने की अनुमति हो जाती है वह मरणोपरांत भगवान के श्री चरणों में स्थान पाता है कथा विश्राम पर मित्तल परिवार द्वारा महाआरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया।

# तारापुर मदरसा फैजान गरीब नवाज में ईद मिलादुन्नबी का प्रोग्राम हुआ

**श्याम सारडा जिला ब्यूरो** तारापुर/जावद। ईद मिलादुन्नबी के दो दिन बाद रविवार को सुबह 11 बजे जावद के समीप तारापुर में मदरसा फैजान गरीब नवाज में ईद मिलादुन्नबी का प्रोग्राम हुआ। प्रोग्राम में मदरसों के बच्चों ने नाते कलाम पाक पड़ा। जावद के हाफिज समीर कादरी ने अपनी सूफी आवाज से कई कलाम पड़े। अंत में फातिहा दरूद हुई ओर तबर्रुक तकसीम किया गया (प्रसाद बाटा गया)। जावद शहर काजी सा. ने दुआ करवाई एवं देश में अमन चैन व खुशहाली की कामना की।इस प्रोग्राम में जावद शहर काजी सैय्यद आदिल रजा सा., रंगरेज समाज के गौरव हाजी कय्यूम रंगरेज सा. (अजमेर), सद्दाम निजामी सा., हाफिज समीर कादरी सा., इमाम नसरूल्लाह सा., मुबारक रंगरेज (चिकन), समाजसेवी हबीब राही, जुल्फिकार सरवानी, जाहिद बेहलीम, अयान अगवान, अब्दुल रजाक, शाहिद बेहलीम, जमील रक्शा, बिलाल रक्शा, फारुख बेहलीम, जिया–उर–रहमान, हुसैन अहमद फारूकी सहित कई समाजजन मौजूद थे। उक्त जानकारी जुल्फिकार सरवानी ने दी।








# बड़वानी शहर में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मुस्लिम समाज के द्वारा निकाला गया जिसका नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

**रघुनाथ सेन बडवानी**- शहर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार सुन्नत मुस्लिम जमात दारुल कजात बड़वानी की जेरे निगरानी में नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पाला बाजार चौक में जुलूस का समापन हुआ इस कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के सभी नौजवान बुजुर्ग और बच्चों ने बड़ी ही सादगी और भाईचारे और देश में अमन की दुआओं के साथ सुन्नत मुस्लिम जमात दारूल कजात के बड़वानी के इमामो द्वारा आप सलल्लाहो अलैहि वसल्लम के जीवन पर विशेष तकरीर की गई इस अवसर पर सभी को मिठाईयां बांटी गई और एक दूसरे को ईद ऐ मिलादुन नबी की बधाइयां दी गई इस विशेष कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन और नगर पालिका बड़वानी और सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया के कवरेज के लिए सुन्नत मुस्लिम जमात व दारुल कजात बड़वानी के सदर कय्यूम कुरैशी एडवोकेट द्वारा धन्यवाद अदा किया गया







# अनंत चतुर्दशी पर बड़वानी में 35 से अधिक झांकियां

रघुनाथ सेन बड़वानी- गणेश उत्सव के समापन पर शनिवार देर रात अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भव्य झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इस वर्ष शहर में 35 से अधिक झांकियां निकलेगी। महालक्ष्मी गेस्ट हाउस से राजघाट रोड तक निकलेगी झांकी।

झांकियां का करवा पार्टी नाके से प्रारंभ होकर या तुलसीदास मार्ग रंजीत चौक झंडा चौक एमजी रोड मोती माता देवी सिंह मार्ग पहले बाजार चंचल चौराहा गायत्री मंदिर योग माता मंदिर होते हुए राजघाट रोड जाएगी

कार्यक्रम में श्री गणेश उत्सव समिति श्री राम मित्र मंडल, महाकाल एकता संगठन, बडवानी धरोहर श्री वल्लभ मित्र मंडल छत्रपति शिवाजी सी समेत विभिन्न समिति और मंडल अपनी झांकियां प्रस्तुत करेंगे इसमें बाल गणेश उत्सव समिति शिव गणेश उत्सव समिति जय हिंद राष्ट्र युवा वाहिनी सिद्धनाथ मित्र मंडल और अन्य स्थानीय समितियां शामिल है।



# नगर डही के श्री राम मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन

## समापनअवसर पर निकाली गई शोभायात्रा

**रामेश्वर सोनी डही**- श्री राम मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर पंडित मनोज जोशी द्वारा बताया गया कि श्रीमद् भागवत का अर्थ है विष्णु के गौरवशाली भक्त या विष्णु का अनुसरण करने वाला। यह एक पवित्र शास्त्र है जो भगवान कृष्ण की महिमा का वर्णन करता है, और भक्ति, ज्ञान, और वैराग्य को बढ़ाकर परम तत्व की प्राप्ति कराने वाला है। इसका उद्देश्य भक्तों में आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेम जगाना और जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने में मार्गदर्शन करना है।

नगर डही में श्री राम मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन शनिवार को हुआ इस समापन अवसर पर नगर डही के श्री राम मंदिर से होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए शोभायात्रा निकाली गई। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत का वाचन पंडित मनोज जोशी सुसारी द्वारा किया गया एवं कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में प्रतिदिन महिला एवं पुरुषों ने श्रवण किया। वही श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में धर्म लाभ उठाया। साथ ही शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया समापन अवसर पर श्री राम मंदिर के पुजारी पंडित जय शर्मा द्वारा महाआरती की गई।



# जीरापुर में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ गणेश विसर्जन

## ढोल धमाके के साथ निकला जुलूस

**शिवम गुप्ता** जीरापुर- गणेशोत्सव पर नगर में जगह-जगह एवं घर-घर विराजे गणेश गजानंद भगवान का विसर्जन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। इस दौरान निकली शोभायात्रा में भक्तगण ढोल-ढमाकों, भजन-कीर्तन और नृत्य के साथ शामिल हुए। छापी डेम पर गणेश भगवान के विसर्जन को लेकर नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई। नगर परिषद द्वारा सभी झांकियों एवं घरों-कार्यालयों में विराजमान गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक पहुँचाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं को एकत्रित कर प्रतिमाओं का नावों के माध्यम से जल में विसर्जन कराया गया। गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। गजानंद को विदाई देते समय श्रद्धालुओं ने नम आंखों से बिदाई दी। इस मौके पर नगर परिषद प्रभारी सीएमओ देवनारायण दांगी, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय, थाना प्रभारी रवि ठाकुर, दरोगा आज़ाद झावा, मनीष झावा, जितेंद्र तिवारी तथा नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन का अमला उपस्थित रहा।



### मंदसौर में काजी साहब की एक ही अपील पर तमाम आशिकाने नबी ने बगैर डीजे के ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला

**मुफ्ती मोहम्मद शोहेब रज़ा अमजदी**

मंदसौर आज हम सब इस बा बरकत मोक़े पर ईद मिलादुन्नबी के अज़ीमुशान जुलूस की कामियाबी पर सबसे पहले अल्लाह ताआला का शुक्र अदा करते हैं- हम दिल की गहरायियों से मंदसौर शहर के शासन प्रशासन, अंजुमने इस्लाम कमेटी, इन्तिज़ामिया कमेटी और अवाम का शुक्रिया अदा करते हैं, जिन्होंने ने जुलूसे मिलाद को पुर अमन, शानदार और मिसाली बनाने में भरपूर तआवुन फ़रमाया- आपकी खिदमत और मुहब्बत वाक़ई क़ाबिले तहसीन है- (ऐ अल्लाह!हमारे शहर मंदसौर में अमन व सलामती क़ाइम फरमा, हमें अपनी मुहब्बत में जोड़ दे और नेकी और तकवा में एक दूसरे का मददगार बना-) आखिर में एक बार फिर शासन, प्रशासन, अंजुमने इसलाम, इन्तिज़ामिया कमेटी और शहर की अवाम का तहेदिल से शुक्रिया- अल्लाह तआला हमें हमेशा इत्तीहाद, भाई चारे और दीन की खिदमत में काम करने की तौफीक अता फरमाए- आमीन मिनजानिब अवामे अहले सुन्नत मंदसौर व मुहम्मद वसीम मिस्बाही खतीब व इमाम गौसिया मस्जिद मदार पूरा

# खेड़ापति गणेश की सवारी का भव्य आयोजन

संजय आचार्य खरसोद कला - खेड़ापति गणेश की सवारी का भव्य आयोजन बड़ी ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। वहीं पर शीतला माता चौक मे बाल गणेश मंडल द्वारा भक्तों को महाप्रसादी वितरित की गई। सुबह से ही नगर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और चारों ओर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे। सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्रीराम चौराहे पर पहुंची। जहां पर विधि-विधान से महाआरती उतारी गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कई सामाजिक संगठनों और मंडलों ने भी स्वागत अभिनंदन किया। सुबह से ही गणपति विसर्जन हेतु चामलेश्वर नदी पर भक्तों का भारी उत्साह देखने को मिला। आस्था है कि खेड़ापति गणेश जी से जो भी भक्त सच्चे मन से प्रार्थना करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालुओं ने सुख-शांति, समृद्धि और मंगलकामनाओं की प्रार्थना की। पूरे आयोजन में भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्यम चौधरी कि टिम मौजूद रहे, जिससे अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था उत्तम रही। वहीं, सवारी को आकर्षक बनाने में अशोक सोनगरा का योगदान विशेष उल्लेखनीय रहा, जिन्होंने विभिन्न थीम और झांकियों से सवारी को सजाया। खासतौर पर रिद्धि-सिद्धि की झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। नगरवासियों के सहयोग से आयोजित इस सवारी ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया। भक्तों ने इसे अविस्मरणीय उत्सव बताते हुए अगले वर्ष पुनः ऐसे ही उल्लासमय आयोजन की कामना की।





## जाट बड़ीसादड़ी शहर ओर झाला ग्रामीण कोंग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त।



**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा ।राजस्थान प्रदेश कोंग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बडीसादडी शहर और ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किये। डोटासरा ने जारी किए आदेश में रामचन्द्र उर्फ लाल सिंह जाट को बड़ीसादड़ी शहर ब्लॉक अध्यक्ष तो वही देवेंद्र सिंह झाला को बड़ीसादड़ी ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। बता दे कि देवेंद्र सिंह झाला लगातार 15 वर्ष से बिलोट पंचायत से सरपंच है, ओर निरंतर कोंग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करते आ रहे है, जिससे उन्हें मिली इस जिम्मेदारी पर उनके इष्ट मित्रो सहित कोंग्रेस कार्यकर्ताओ ने खुशी जताई।

# राठौड़ करणी सेना तहसील अध्यक्ष नियुक्त

**संवाददाता-कमल राठौर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. जीवनसिंह शेरपुर, जिलाध्यक्ष रविंद्रसिंह राणा, प्रदेश महामंत्री ठा.नेपाल सिंह चलदू, की उपस्थिति में अध्यक्षता कु.रविंद्र सिंह हाडा ठिकाना बोरदा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्व सम्मति से ठा. राजेंद्र सिंह राठौड़ ठिकाना बरखेड़ी को भानपुरा तहसील अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया कार्यक्रम फूटा गणेश मंदिर प्रांगण भानपुरा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रविन्द्र सिंह हाडा, मानसिंह हाडा शक्तिसिंह हाडा, गोपाल सिंह खिची, गजराज सिंह चंद्रावत एवं समस्त करणी सेना परिवार ने सहभागिता की कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन भी करणी सेना द्वारा रखा गया।**



## सांवरिया जी आये पायलेट का पूर्व मंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में भव्य स्वागत, जन्मदिन की दी शुभकामनाएं



**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा ।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिवस के अवसर पर भगवान सांवरिया सेठ के दर्शनाथ हेतु आगमन को लेकर राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में स्वागत किया गया। भादसोड़ा से सांवरिया जी रोड स्थित होटल पारसमणी पर उपस्थित चितौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया।

प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, पूर्व उप सभापति कैलाश पंवार, विधानसभा चुनाव प्रभारी नगेंद्र सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह जाड़ावत, जिला महामंत्री आज़ाद पालीवाल, जिला महामंत्री प्रमोद सिंह तंवर, सरपंच संघ अध्यक्ष रविराज सिंह जाड़ावत, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद मालीवाल, मोहन सिंह भाटी, दिनेश सोनी, अर्जुन रायका, राजदीप सिंह राणावत, विजय चौधरी, महावीर सिंह डेलवास, युवा नेता धर्मेंद्र मूंदड़ा, महामंत्री शंभुलाल प्रजापत सहित बड़ी संख्या में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक गोडाउन चोरी का किया खुलासा

## दो आरोपी गिरफ्तार, पाँच एसी व एक कूलर बरामद - मशरुका की कीमत 1.72 लाख रुपये

**कल्पेश सोनी** खरगोन– थाना कोतवाली पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक गोडाउन में हुई बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पाँच एसी और एक कूलर बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब 1,72,368 रुपये बताई जा रही है।




**मामला ओर कार्यवाही**

दिनांक 3 सितंबर को फरियादी सत्यम ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राधावल्लभ मार्केट स्थित नक्षत्र गैलरी के ऊपर बने इलेक्ट्रॉनिक गोडाउन का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने पाँच एसी और एक कूलर चोरी कर लिया है। इस पर अपराध क्रमांक 384/2025 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के निर्देश पर गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। जांच के दौरान संदिग्धों की पहचान हुई और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बलजीत उर्फ बल्लु और योगेश उर्फ भोला (दोनों निवासी नुतन नगर, खरगोन) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना कबूल किया। उनकी निशानदेही पर चोरी गया सामान बरामद कर लिया गया।

# यूथ प्रेस क्लब भानपुरा द्वारा शिक्षको का सम्मान किया गया

यूथ प्रेस क्लब भानपुरा द्वारा पीएम श्री स्कूल कंवला के शिक्षको का सम्मान किया, यूथ प्रेस क्लब द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर पिछले 5 सालों से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कंवला के हाई स्कूल के विद्यार्थी ने राज्य की मेरिट सूची में भी स्थान प्राप्त किया था। और विद्यालय का 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम भी 100त्न रहा और 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर संस्था प्राचार्य संजय भट्ट को इस उपलब्धि पर मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग द्वारा भी उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला मुख्यालय पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।स्वच्छता के लिए भी पूर्व में विद्यालय सम्मानित हुआ है। भानपुरा तहसील में 3 विद्यालय हाई स्कूल कंवला से प्राचार्य संजय भट्ट ,कन्या हाई स्कूल भैसोदा से भारत कुमार राठौर, हाई स्कूल हरनावदा से श्रीमती कीर्ति चौरसिया को उत्कृष्ट उपलब्धी पर माननीय कलेक्टर अदिति गर्ग द्वारा सम्मानित किया गया है।





यूथ प्रेस क्लब द्वारा कंवला पीएम श्री विद्यालय में रिटायर्ड शिक्षक श्री ओंकारलाल जी गौड़ को भी यूथ प्रेस क्लब द्वारा सम्मानित किया गया है गौड़ सिर पेंशन होने के बाद भी विद्यालय को नि शुल्क आज भी अपनी सेवाएं संस्था को प्रदान कर रहे है।जो अपने आप में एक उपलब्धी है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का माला,पुष्प गुच्छ, शाल, श्रीफल, कलम भेंट कर सम्मान किया गया, कार्यक्रम में यूथ प्रेस क्लब के सूर्य प्रकाश भट्ट ,कमल राठौर, लाला बना, गोवर्धन माली ग्राम पंचायत सरपंच जयसिंह गौड़ भी उपस्थित रहे।

## साँवरिया जी प्राकट्य स्थल पर धार्मिक कार्यक्रम के दौरान अभद्रता व मारपीट का विरोध

### आज सर्वसमाज व हिन्दू संगठन सौंपेंगे ज्ञापन

**ओम जैन शंभूपुरा। शंभूपुरा। जलझुलनी एकादशी के धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सनातन संस्कृति की गरिमा बनाये रखने हेतु मंच पर अपील करने वाले सेन समाज के अध्यापक प्यारचन्द सेन पर आयोजकों व कलाकारों द्वारा अभद्रता करते हुए मारपीट करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर सोमवार 8 सितम्बर को प्रधानमंत्री के नाम सर्वसमाज द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा जिला सेन समाज अध्यक्ष बालूराम सेन ने बताया कि जलझूलनी एकादशी पर मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम प्राकट्य स्थल सांवरियाजी मंदिर मंडल द्वारा बागुण्ड भादसोड़ा चौराहा पर 3 सितम्बर 2025 को सांस्कृतिक आयोजन के तहत देश भक्ति व भक्तिमय आर्केस्ट्रा का आयोजन आयोजको द्वारा किया जाना था। प्रारम्भ में तो आयोजकों द्वारा कार्यक्रम की**



**मर्यादा बनाये रखी किन्तु देर रात्रि होते होते रंगमंच पर अश्लील गाने बजाते हुए अश्लील भाव भंगीमाओं से नृत्य प्रस्तुत होने लग गये। अपने धर्म व संस्कृति को बिगाड़ने के हो रहे प्रयास व जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए तथा विहिप निम्बाहेड़ा के जिलाध्यक्ष प्यारचन्द सेन द्वारा अश्लील कार्यक्रमों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई और आयोजन की गरिमा बनाये रखने की अपील की गई। इस पर आयोजनकर्ताओं व कलाकारों द्वारा प्यारचन्द सेन से अभद्रता व मारपीट की गई। इस घटना से सर्वसमाज में रोष व्याप्त हो गया। इस घटना के समस्त दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।**

**हिन्दू संगठन भी सौंपेंगे ज्ञापन**

**विहिप के निम्बाहेड़ा जिलाध्यक्ष प्यारचंद सेन के साथ हुई अभद्रता ओर धर्म व धार्मिक स्थान की गरिमा को ठेस पहुंचाने को लेकर अब सर्व हिन्दू समाज और हिन्दू संगठनों में भारी आक्रोश नजर आ रहा है, सभी लोगो द्वारा जगह जगह विरोध करते हुए कलाकारों व आयोजको पर कड़ी कार्यवाही की मांग की जा रही है। इसी को लेकर सोमवार सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट पर एकत्र होकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी आदि हिन्दू संगठनों द्वारा जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप घटना में सभी दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करेंगे।**

## पर्युषण महापर्व के समापन पर धूमधाम से निकली श्री जी पालकी विमानोत्सव

### क्षमा वाणी पर एसडीएम पवई समीक्षा जैन का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया



**समीम मंसूरी** पवई ~ – दस लक्षण पर्यूषण महापर्व के समापन अवसर पर भद्र पूर्णिमा के दिन 07 सितंबर 2025 रविवार को दिगंबर जैन मंदिर पवई प्रांगण से 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान का विधि विधान के साथ अभिषेक के उपरांत दोपहर 2~30 बजे से जैन समाज पवई एवं नगर वासियों के सहयोग से विमानोत्सव जुलूस पवई नगर में निकाला गया नगर में सभी जगह भक्तों ने आरती करते हुए भक्ति भाव के साथ पूजा वंदना करते हुए विमान उत्सव में चल रहे भक्तों का सम्मान किया । विगत दिनों मे उत्तम क्षमा , उत्तम मार्दव , उत्तम आर्जव , उत्तम सत्य , उत्तम शौच , उत्तम संयम , उत्तम तप , उत्तम त्याग , उत्तम आकिंचन , उत्तम ब्रह्मचर्य थर्म की पूजा और आराधना जैन समाज के श्रावको द्वारा त्याग तपस्या साधना व्रत उपवास करते हुये भक्ति भाव पूर्वक स्व आत्मा के शुद्धीकरण हेतु एकासन एवं उपवास किए । विमान उत्सव चल जुलूस दिगंबर जैन मंदिर पवई प्रांगण से शासकीय कन्या शाला होते हुए मोहंद्रा रोड , करही तिराहा ,नन्ही पवई से चल जुलूस वापिस नितिन जैन के निवास प्रांगण में जल विहार शांति धारा अभिषेक पूजन किया गया । क्षमा वाणी के अवसर पर एसडीएम पवई कुमारी समीक्षा जैन का जैन समाज महिला अध्यक्ष श्रीमती रजनी जैन एवं श्रीमती हर्षलता जैन , श्रीमती मेनका जैन सहित जैन समाज पवई के द्वारा शाल श्रीफल भेंट करते हुए सम्मान किया गया सभी ने एक दूसरे से क्षमा मांगी और क्षमा किया । इसके पश्चात श्रीजी का विमान उत्सव जुलूस मैंनरोड से पुलिस थाना पवई , बस स्टैंड , गांधी चौक से होते हुए शाम 6~30 बजे तक वापिस जैन मंदिर पहुंचा जहां विधि विधान के साथ भगवान जी को विमान से उतार कर मंदिर जी में विराजमान किया गया । इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में जैन समाज के गणमान्य नागरिक माताएं बहने एवं नगर वासी शामिल रहे।

## जावद में श्री मनसापूर्ण बजरंग व्यायाम शाला अखाडा अध्यक्ष नारायण सोमानी का जलझूलनी डोल ग्यारस पर हुआ संपूर्ण नगर में सम्मान



**नारायण सोमानी** जावद~– प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 3 सितम्बर 2025 बुधवार को ढोल ढमाको की थाप पर नीमच जिले का सुप्रसिद्ध श्री मनसापूर्ण बजरंग व्यायाम शाला अखाडा निकला। अखाडा अध्यक्ष नारायण सोमानी, उस्ताद मोहनलाल प्रजापत, खलीफा कालू करवाडिया का नगर में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनेतिक, चौथा स्तम्भ पत्रकारिकता क्षेत्र, समाजसेविको ने साफा बांधकर, केसरिया दुपट्टा ओढाकर स्वागत, सम्मान करके जलझूलनी डोल ग्यारस एवं अखाडा के दौरान एतिहासिक करतब दिखाने पर बधाई देकर प्रशंसा की। नगर में एक फोन पर जनसमस्या हल करने वाले नेताजी, नगर में आलरावंडर नाम से सुप्रसिद्ध एवं अखाडा अध्यक्ष नारायण सोमानी को इस वर्ष भी रिकार्ड तोड सम्मान करके सुनहरे अक्षरो में नाम दर्ज किया मुख्यरूप से जावद बस स्टैंड पर जिला प्रेस क्लब एवं प्रेस क्लब जावद की और से, प्रेस क्लब जावद उपाध्यक्ष संदीप बाफना मित्र मंडल, कन्हैयालाल वीरवाल जैन मित्र मंडल, वार्ड नंबर 5 भाजपा नेता हरीश पुरी गोस्वामी मित्र मंडल, लाला चंदेल मित्र मंडल, समाजसेवी अनिल चंदेल मित्र मंडल, मनोज झरिया मित्र मंडल, माहेश्वरी समाज के मंगलम सोमानी मित्र मंडल, नीमच दरवाजा श्री परकोटा हनुमान मंदिर के पास सुनील काबरा मित्र मंडल, हिरालाल राठौर मित्र मंडल, मदनलाल वीरवाल, राकेश वीरवाल की और से, मोडी संतोष भील, शिवम भील, जीवन भील, सोनू भील, काना भील, नरेंद्र खारोल, शिवम भील, सुरज भील, उदय भील, अंकित भील, राजकुमार भील सहित गौभक्त की और से, राजेंद्र चौहान मित्र मंडल, वार्ड नंबर 1 रामदेव मार्ग पर डॉ. मनोहर कोली परिवारजन की और से, लक्ष्मीनाथ मार्ग पर दिनेश राठी परिवारजनो की और से, नगर का हृद्धय स्थल लक्ष्मीनाथ चौक पर तुषार राठी परिवारजनो की और से, माणक चौक के आगे सुभाष मार्ग पर धाकड समाज महिला इकाई की प्रदेश महासचिव नीतु धाकड, जैन समाज के युवा विनोद बंबोरिया, माहेश्वरी समाज के युवा गौरव सारडा की और से, कसेरा बाजार में भारत विकास परिषद, विधायक ओमप्रकाश कसेरा मित्र मंडल, नगर परिषद जावद, समंदर पटेल मित्र मंडल, सत्यनारायण पाटीदार मित्र मंडल, राजकुमार अहीर मित्र मंडल, पुरण अहीर मित्र मंडल, बागडिया बाजार में प्राचार्य सुनील सोनी परिवारजनो की और से सहित विभिन्न जगहो पर साफा बांधकर, केसरिया दुपट्टा ओढाकर स्वागत, सम्मान किया।

## ग्राम बंभाडा में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन छत्रपती शिवाजी महाराज युवा संगठन और आउसाहेब जिजाऊ बहुउद्देशीय फाउंडेशन की ओर से किया गया

**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे**
बुरहानपुर,कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। छत्रपती शिवाजी महाराज युवा संगठन द्वारा आयोजित गणेश उत्सव में विद्या के देवता श्री गणपति जी की आरती शिक्षकों द्वारा की गई। इस अवसर पर गाव के समस्त वरिष्ठ शिक्षक तथा शिक्षिकाये उपस्थित रहे।



सभी शिक्षकों का हार्दिक स्वागत कर पुष्पमालाएँ अर्पित की गईं। शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का भव्य स्वागत पाकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने आयोजकों का आभार प्रकट किया और गर्व व्यक्त किया कि उनके ही विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।साथ ही, जो परंपरा वर्षों से बंद हो गई थी, उसे पुनः आरंभ करने के इस प्रयास की भी सराहना की।समिति के सदस्यों ने सभी का आभार प्रकट किया और कार्यक्रम के सफल होने पर खुशी जताई।इस प्रकार छत्रपती शिवाजी महाराज युवा संगठन और आउसाहेब जिजाऊ बहुउद्देशीय फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम उत्साह, श्रद्धा और भावनाओं के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## इंदौर के पीथमपुर में बड़ा हादसा, गैस लीकेज से 3 लोगों की मौत



रविवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। इंदौर के पास पीथमपुर में एक ऑयल कंपनी में गैस का रिसाव हुआ। इससे 3 लोगों की मौत हो गई। अभी मृतकों की संख्या बढ़ने की अशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कर्मचारी कंपनी में काम कर रहे थे, तभी हादसा हो गया। हादसे में कई कर्मचारी बेहोश हो गए। सभी को इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल ले जाया गया है। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने 3 कर्मचारियों को मृत घोषित कर दिया। इसमें सुनील, दीपक और जगदीश शामिल हैं।बचाने गए कर्मचारी भी आए चपेट में पीथमपुर की श्री ऑयल कंपनी में रविवार रात 8~30 बजे हुआ। कंपनी के मैनेजर ने बताया कि काम करते समय अचानक गैस का रिसाव शुरू हुआ। तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। दो अन्य कर्मचारी उन्हें बचाने गए। इससे वह भी गैस की चपेट में आ गए। प्रभावित हुए कर्मचारियों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# अन्नतचर्तुदर्शी पर बजरंग दल अखाड़े के पहलवानों का स्वागत सम्मान किया

### बाग गणेशोत्सव का दस दिवसीय उत्सव का पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया

अन्नतचर्तुदर्शी पर प्रथमपूज्य श्रीगणेशजी महाराज की झांकी निकालकर बजरंग दल अखाडा बृजवासी मोहल्ला बाग ने नगर के रणछोड़ मंदिर प्रागंण, खतरनाक मोड़, राममार्ग, नृसिंह मंदिर, आजाद चौपाटी, माता दरवाजा महेशनगर मुख्य मार्ग पर अखाड़ा के पहलवानों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर नगरवासियों शको दाँतोंतले ऊंगलियां दबाने को लेकर रोमाचिंत कर दिया। अखाड़ा में युवाओं से लेकर बालकों की कलाबाजियां हैरतअंगेज थी। बजरंग दल अखाड़ों के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया । भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के तत्वावधान मे राममार्ग स्थित पोस्ट आफिस प्रागंण मे बजरंग दल अखाड़े (स्व. घनश्याम बृजवासी) का विशेष प्रदर्शन अखाड़ों के उस्ताद शेखर बृजवासी, कल्लू बृजवासी राजा बृजवासी, विक्की ब्रजवासी आदि के नेतृत्व मे तलवार, मुदगल, चाकू, आग के गोले, गाल पर



सुईयां आरपार करना मरक्यूरी कु फोड़ना व कांच खाना बल्लम आदि हथियारों के शानदार प्रदर्शन पर अखाड़ों के सभी पहलवानों को फुलमालाएँ पहनाकर सम्मान किया।भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम अगाल, महामंत्री अंकित झवर, प्रकाश शर्मा, डॉ विवेक राठौड, धर्मेंद्र सोलंकी, संजय देपाले,निरेश सेठिया, डॉ प्रकाश पटेल, राजेश जायसवाल, राजेश बलदवा आदि कार्यकर्ताओं ने अखाड़ो के पहलवानों को शील्ड व पुस्कार देकर सम्मान किया । इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही। सभी ने अखाड़ों के पहलवानों के करतबों को सराहा गया।

# चित्रांश कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जीरापुर में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**शिवम गुप्ता जीरापुर – नगर के चित्रांश कान्वेंट संस्था प्राचार्य सोमेश तिवारी , डायरेक्टर नरेश कुशवाह, कृपाल सिंह चौहान, दयाल शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती और डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य सोमेश तिवारी, संचालक सहित शिक्षक शिक्षिकाओं को मंगल तिलक लगाकर उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया । संस्था के प्राचार्य तिवारी जी द्वारा बच्चों को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण जी के आदर्शों पर चलने के लिए मार्गदर्शित किया और अपना लक्ष्य लेकर पढ़ाई करने के लिए बोला और छात्रों को आश्वस्त किया कि बिना लक्ष्य के सफलता नहीं मिलती , ऐसी अनेकों**




**कहानियां और रामायण महाभारत के श्लोक के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक विनीत टेलर और निलेश लववंशी तथा 11th और 10th की छात्रा रिया पाटीदार, जोया खान ने किया , कार्यक्रम के दौरान संस्था के अन्य शिक्षक ज्ञान सिंह गुर्जर, अनीता मेम, रूपाली शर्मा, निकिता मेम, सविता मेम उपस्थित रहे। इसके अलावा बच्चों के द्वारा भी अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और गुरु का महत्व नाटक के माध्यम से बताया , गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा होता है।**

## श्रीमद् भागवत कथा वचन के सात दिन पूर्ण होने पर निकल गया भव्य जुलूस



**पंकज गोस्वामी** राणापुर-- राणापुर के सभी मंदिरों में 01 सितम्बर से श्रीमद् भागवत कथा वाचन प्रारंभ हुआ था। 07 सितंबर रविवार को सप्तदिवसीय कथा की पूर्णाहुति होने पर सभी समाजजनों के द्वारा कथा वाचक विद्वान पंडित श्री एवं श्रीमद् भागवत महापुराण ग्रंथ का भव्य जुलूस निकाला गया। ग्रहण होने के चलते सप्तदिवसीय कथा का रविवार सुबह 11 बजे समापन किया गया। राणापुर में इन दिनों धर्म की बयार चल रही हे। करीब 14 स्थानों (मंदिरों )पर भगवत सप्ताह विभिन्न समाजजन द्वारा आयोजित किए गए थे। बाहर से पधारे विद्वान पंडितों द्वारा शास्त्र वाचन किया गया था।माहेश्वरी समाज,हरसोला समाज,सोनी समाज,राठौड़ समाज, गाहरी समाज,माली समाज,पंचाल समाज,आदिवासी समाज आदि समाज बड़े उत्साह से श्रीमद भगवत का श्रवण कर रहे थे। भजन ओर साधना करने वाले व्यक्ति का व्यक्तित्व निखर जाता हे। जिस प्रकार स्वर्ण को जितना तपाया जाता हे उतना ही निखार आता हे उसी प्रकार मनुष्य भी भगवद भक्ति में जितना रमेगा उतना उसमें सरल ओर सहजता आएगी।श्री कृष्ण के अदभुत चरित्र की व्याख्या की।भगवान शंकर,श्री राम के अलौकिक स्वरूप का चित्रण करते हुए कहा कि हमें श्री राम की मर्यादा को जीवन में उतरना हे।भगवान शंकर की तरह हलाहल पीना याने बुराइयों को नजर अंदाज करना हे रविवार को ग्रहण होने के कारण यह कथा 12-00 बजे तक चलाई गई फिर मंदिरों के पट बंद करके जुलूस की तैयारी में लग गए

# हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में हर्ष उल्लास के साथ निकाला गया गणेश विसर्जन चल समारोह...

### गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से वातावरण हुआ भक्तिमय ...

संतोष शर्मा बैरसिया--अनंत चतुर्दशी शनिवार को हिंदू उत्सव समिति बैरसिया के तत्वाधान में नगर में गणेश विसर्जन चल समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम साहू एवं नगर के वरिष्ठ समाज सेवी दीपक दुबे ने स्थानीय सांवलिया मंदिर से पंडित प्रमोद शास्त्री से पूजा अर्चना करवाकर रात्रि 9 बजे बैंड बाजे एवं ढोल नगाड़ों के साथ चल समारोह प्रारंभ कराया।गणेश विसर्जन चल समारोह में अखाड़े, भजन मंडलिया एवं चलित झांकियों का समावेश था।चल समारोह स्थानीय सांवलिया मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग चौपड़ बाजार, महावीर चौक, बाल बिहार ,शिवाजी चौक, शेरपुरा ,बस स्टैंड चौराह से होता हुआ विसर्जन घाट वाह नदी पहुंचा।चल समारोह रात भर चलता रहा दूसरे दिन रविवार को यहां गणेश प्रतिमाओं की पूजा अर्चना एवं महाआरती प्रसादी वितरण के साथ गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जय घोष के साथ परंपरागत रीती रिवाज और वैदिक मंत्रों के बीच गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया



गया। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ दस दिवसीय गणेश उत्सव का समापन हुआ।विसर्जन के दौरान भक्तों की आंखे नम थी लेकिन माहौल पूरी तरह भक्ति और उल्लास से सरोवर था।चल समारोह में ढोल नगाड़ों की गूंज भक्ति गीतों और नृत्य गायन से वातावरण मंगल मय हो गया था। एसडीएम आशुतोष शर्मा ,एसडीओपी सर्वप्रिय सिन्हा एवं थाना प्रभारी वीरेन्द्र सेन द्वारा नगर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात थे और विसर्जन घाट पर भी क्रेन एवं गोता खोरों की व्यवस्था की गई थी।

**गणेश विसर्जन चल समारोह का जगह जगह हुआ स्वागत...** हिंदू उत्सव समिति के साथ नगर के अनेक धार्मिक, सामाजिक,राजनैतिक संगठनों के अलावा नगर की जनता ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर पुष्पबर्षा कर जोरदार स्वागत किया और साथ ही गणेश उत्सव समिति अध्यक्ष एवं अखाड़े के कलाकारों का भी सम्मान किया।

**आकर्षण का रहे केन्द्र....** झिलमिलाते भगवान गणेश के रथ, करतब दिखाते अखाड़े के पहलवान, चलित झांकियां, ढोल नगाड़ों एवं डीजे की धुन पर नृत्य करती युवाओं की टोली आकर्षण का केन्द्र रही।

वहीं हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पत्रकार श्याम साहू ने कहा कि हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से गणेश उत्सव सफलता पूर्वक संपन्न हुआ इसके लिए में सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करता हूं और साथ ही सभी से अपेक्षा करता हूं कि आने वाले सभी धार्मिक कार्यक्रमों में आपका ऐसा ही आशीर्वाद और सहयोग मिलता रहेगा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता मौजूद थी।

## उदयगढ़ में सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा वाचन का समापन हुआ



**शुभम राठौड़**,उदयगढ़/आलीराजपुर-- श्री राम मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन के अवसर पर कथा वाचक श्री शिव गुरु जी महाराज द्वारा बताया गया कि श्रीमद् भागवत का अर्थ है विष्णु के गौरवशाली भक्त या विष्णु का अनुसरण करने वाला। यह एक पवित्र शास्त्र है जो भगवान कृष्ण की महिमा का वर्णन करता है, और भक्ति, ज्ञान, और वैराग्य को बढ़ाकर परम तत्व की प्राप्ति कराने वाला है। इसका उद्देश्य भक्तों में आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेम जगाना और जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने में मार्गदर्शन करना है।,श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ समिति के द्वारा समापन रविवार को हुआ ।इस समापन अवसर पर श्री राम मंदिर से होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए शोभायात्रा निकाली गई। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया और बड़ी संख्या में प्रतिदिन महिला एवं पुरुषों ने श्रवण किया। वही श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में धर्म लाभ उठाया। साथ ही शोभा यात्रा मे जगह-जगह भजन कीर्तन करते हुए जय के नारे लगाते हुए,श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ समिति के मुख्य यजमान राकेश तोमर के निज निवास पर समापन किया जहाँ आरती प्रसादी वितरण किया गया कथा में बड़ी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित थे।

## नगर में निकली झिलमिल झांकियो का कारवां, झांकियो ने मंचो पर दिखाया पर्दशन ,नगर सहित आसपास के ग्रामीणों ने झांकियो को निहारा कहा भीकनगांव की झांकियो की तो बात ही अलग है

**पियूष अग्रवाल भीकनगांव** - अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश पांडालों व घरों पर भगवान गणेश जी की भव्य आरती कर महाप्रसादी वितरण की साथ ही अंनत चतुर्दशी के अवसर पर निकली झांकियो को नगर सहित आसपास के ग्रामीणों ने निहारा नगर में इस बार मयूर गणेश मंडल, महाकाल गणेश मंडल, नागराज गणेश मंडल, भूतेश्वर महादेव गणेश मंडल, केसरी नन्दन गणेश मंडल की झांकिया निकली जिसमे मयूर गणेश मंडल द्वारा जिसका शिर्षक आपरेशन सिंदूर भारतीय सेना द्वारा हुए आपरेशन सिंदूर की झांकी निकली जिससे दर्शको की निगाहें टिकी रह गई भारत सरकार का सबसे बड़ा ऑपरेशन सिंदूर की झांकियो को दर्शको ने बखूबी निहारा व भारत माता की जय के नारे लगाए,भूतेश्वर गणेश मंडल द्वारा निकली झांकी का शिर्षक छावा जिसमे मुगलो के सामने कभी झुका नही साजा बोलता है कि छावा में दर्द की आवाज सुनुगा तभी में ताज पहनुगा छावा ने इतने इतना दर्द सहने के बाद भी अपना धर्म नही बदला, केशरी नंदन गणेश मडल द्वारा भी छावा झांकी का प्रदर्शन किया गया, महाकाल झांकी जिसका शिर्षक माता वैष्णो देवी जिसमे माता वैष्णो देवी ने भक्त को भण्डारे कराने व भैरवनाथ को निमंत्रण देने के साथ माता वैष्णो देवी द्वारा भैरवनाथ का वध का पदर्शन किया नागराज गणेश मंडल का शिर्षक भारतीय नोसेना जिसके द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व नेवी के पायलटों का सम्भोधन



बताया नगर में जय सियाराम ग्रुप,करनी सेना, नगर पालिका,भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्रह्मणे ,नागराज गणेश मंडल द्वारा मंच से समानता पुरुस्कार दिया गया व भारतीय पत्रकार संघ यूथ विंग के मंच पर निर्णायक सुश्री सुनीता सिंघल,माधव श्रीवास,मनोज अग्रवाल व मुख्य अतिथि सरदार रावत,भाजपा जिलाउपाध्यक्ष हरीश शर्मा वरिष्ठ पत्रकार अरविंद जैन,पत्रकार शैलेन्द्र त्रिपाठी,प्रवीण गंगराड़े,पत्रकार प्रशांत गंगराड़े,भारतीय पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष पियूष अग्रवाल, जिलाउपाध्यक्ष राजा सांकले, जिला सचिव धारासिंह धारवे, गोगावां तहसील अध्यक्ष सौरभ राठौर, भीकनगांव नगर अध्यक्ष मोहित लाड़, जिला मीडिया प्रभारी सानिध्य पराशर सहित मंचासीन रहे भारतीय पत्रकार संघ के मंच से निर्णायक द्वारा झांकियो के प्रदर्शन के बाद निर्णय लिया जिसमे प्रथम पुरस्कार महाकाल गणेश मंडल जिसका शिर्षक माँ वैष्णो देवी को मिला द्वितीय पुरुस्कार नागराज गणेश मंडल शीर्षक भारतीय नोसेना तृतीय मयूर गणेश मंडल जिसका शिर्षक भारत सरकार का ऑपरेशन सिंदूर मिशन दिखाया गया साथ ही भूतेश्वर महादेव गणेश मंडल व केशरीनंदन गणेश मंडल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया साथ ही मुख्य अतिथि सरदार रावत द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय को 11 हजार का नगद पुरस्कार एवं शेष झांकियां को 5 हजार का नगद सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया भारतीय पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष पियूष अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सरदार रावत,भाजपा जिलाउपाध्यक्ष हरीश शर्मा, निर्णायक-एक्मे टॉवर ऑफ एजुकेशन के संचालक मनोज अग्रवाल, सरस्वती स्कूल बमनाला के प्राचार्य माधव श्रीवास, कन्या उच्चर माध्यमिक विधालय की प्रचार्य सुनीता सिंघल,वरिष्ट पत्रकार अरविंद जैन का भारतीय पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष पियूष अग्रवाल ने सभी सम्मानीय मंचासीन को स्म्रति चिन्ह भेंट किया साथ भी भीकनगांव पुलिस प्रशासन का मंचासीन पदाधिकारियों का भारतीय पत्रकार संघ द्वारा संम्मान किया गया छोटा चौराहा द्वारा सिद्धि विनायक गणेश मंदिर छोटा चोरहा के तत्वावधान में रात भर प्रसादी वितरण की भीकनगांव नगर में झांकियो के काफिले में एसडीएम आकांशा अग्रवाल, तहसीलदार रविंद्र चौहान, एसडीओपी राकेश आर्य,थाना प्रभारी गुलाब सिंह रावत सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी वेवस्था में मुस्तेत रहे

## ग्राम बखतगढ़ बड़े धूमधाम से श्री गणेश जी को विदाई दी गई बैलगाड़ी में बिठाकर निकाला गणेश जी का जुलूस



**बदनावर मोहित राठौड़** श्री राम मित्र मंडल बखतगढ़ तेजाजी चौक से बड़े ही धूमधाम से गणेश भगवान का विसर्जन बैलगाड़ी मैं श्री गणेश जी का जुलूस निकाला गया गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी के जयघोष से गूंजा ग्राम बाद मैं बागेडी नदी पर विसर्जन कर विदाई दी आज दस दिवसीय गणेश उत्सव का समापन हुआ। अंतिम दिन भगवान गणेश को विदाई दी गई। सुबह से ही श्रद्धालु अपने घरों से मूर्ति विसर्जन स्थल ले जाते नजर आए। अनंत चतुर्दशी पर बप्पा की विदाई में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने गणेश मूर्तियां विसर्जित की। विभिन्न स्थानों एवं घर-घर में स्थापित मूर्तियों को ढोल ताशे डीजे के साथ जुलूस के रूप में विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। । ग्राम की बागेडी नदी, में मूर्तिया विर्सजन की। इससे पहले हवन, पूजन एवं आरती कर प्रसादी वितरित की गई।

## श्री राम सेवा समिति और श्री राम कॉलोनी द्वारा गणेश जी का विसर्जन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न



कांटाफोड़ जितु सिंगी-- नगर में गणेश उत्सव के समापन अवसर पर श्री राम सेवा समिति और श्री राम कॉलोनी द्वारा गणेश जी का विसर्जन बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन नगरवासियों के लिए सेवा, एकता और धर्मभावना का उत्कृष्ट उदाहरण बना। विसर्जन यात्रा में बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं सहित नगर के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। गणपति बप्पा की प्रतिमा को भव्य तरीके से सजाकर, पुष्पों से अलंकृत कर शोभायात्रा निकाली गई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने आरती कर गणेश जी का स्वागत किया। जयकारों और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि से पूरा नगर गूँज उठा। वातावरण भक्तिभाव से सराबोर रहा। समिति के कार्यकर्ताओं ने यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में विशेष ध्यान दिया। पानी, प्रसाद, चिकित्सा सहायता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ की गईं। श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी और श्री राम कॉलोनी के स्थानीय लोग स्वयंसेवक बनकर कार्य करते दिखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासन और पुलिस बल का भी पूर्ण सहयोग रहा, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। विसर्जन स्थल पर गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर नगरवासियों ने परिवार की सुख-समृद्धि, आपसी प्रेम और समाज में भाईचारे की कामना की। इस दौरान बच्चों ने झाँकी, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं, जिससे कार्यक्रम में आनंद और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में समिति द्वारा उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया और अगले वर्ष गणेश उत्सव को और भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया गया। नगरवासियों ने गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ गणेश जी को विदा किया।

## देपालपुर प्रेस क्लब का विस्तार – गौतमपुरा व बेटमा इकाईयां गठित, स्थानीय पत्रकारिता को मिला नया सामर्थ्य



जावेद खान, 9770231118 गौतमपुरा । क्षेत्रीय पत्रकारिता की एकता और संस्थागत मजबूती को नई दिशा देने के उद्देश्य से देपालपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष संदीप सेन ने शनिवार रात्रि गौतमपुरा में प्रेस क्लब का महत्त्वपूर्ण विस्तार किया। इस अवसर पर दो नई इकाइय गौतमपुरा इकाई और बेटमा इकाई का गठन किया गया। गौतमपुरा इकाई के अध्यक्ष पद पर अजय भावसार और बेटमा इकाई के अध्यक्ष पद पर अनिल बाजपेयी का चयन किया गया। कार्यक्रम में गौतमपुरा, देपालपुर, हातोद, बेटमा और गांधीनगर से अनेक पत्रकार तथा प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पंडित कुलदीप मौजूद रहे, जबकि वरिष्ठ पत्रकारों में प्रकाश जैन, अजय जैन, श्रीराम बारोड़, कृष्ण जाधव, रोहित शर्मा, देवकरण मकवाना और केपी सिंह दरबार विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन केदार पंड्या ने किया, जबकि आभार प्रस्तुति राकेश पाटीदार ने दी। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि स्थानीय पत्रकारिता को संगठित करना आज की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि पत्रकारों की कलम समाज हित और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक निर्णायक माध्यम है। यह विस्तार केवल पदों की घोषणा नहीं, बल्कि पत्रकारिता की गुणवत्ता सुधारने, नैतिक मानकों को मजबूत करने और स्थानीय जनसमस्याओं पर सामूहिक आवाज़ उठाने की दिशा में निर्णायक कदम है। अध्यक्ष अजय भावसार और अनिल बाजपेयी ने स्वीकारोक्ति के साथ कहा कि वे अपनी इकाइयों के माध्यम से पत्रकारों के कल्याण, पेशेवर समन्वय और समाज के उजागर मुद्दों पर सक्रियता लाएँगे। वरिष्ठ पत्रकारों ने संगठित रूप से प्रशिक्षण, औपचारिक नेटवर्किंग और सहयोग के माध्यम से रिपोर्टिंग की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उपस्थित पत्रकारों और प्रबुद्ध नागरिकों ने नए स्वरूप के संगठन का स्वागत करते हुए इसे पत्रकारिता में एकजुटता और साझेदारी का मजबूत संकेत माना। इस पहल से क्षेत्रीय मीडिया को अधिक विश्वसनीयता, पहुँच और प्रभावशाली संवाद मंच प्राप्त होगा, जो प्रशासन और समाज के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा।

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1I0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - I9 I4826006, 8643056464, 9 I I5154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)